# मध्यप्रदेश सरकार के लिए जनकल्याण और जन सेवा सर्वोपरिः डॉ. यादव

- मातृ-पितृ भक्ति दिवस का आयोजन कर सेवा के भाव को सार्थक कर रहे विश्वास सारंगः शर्मा
- स्व. कैलाश सारंग ने पार्टी संगठन को गढ़ने में बड़ी तपस्या कीः चौहान



भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को पार्टी के संस्थापक सदस्य स्व. कैलाश नारायण सारंग की जयंती पर सुभाष नगर खेल मैदान में आयोजित मातृ-पितृ भक्ति दिवस के आयोजन में शामिल होकर संबोधित किया।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुजुर्गों के चरण स्पर्श व आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया और नव दंपतियों को बधाई दी। मंच का संचालन उनके पुत्र एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के लिए जन सेवा के कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सर्वोपरि है। यह सर्व अनेक सेवा प्रकल्पों के कारण जाना जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि विश्वास सारंग द्वारा माता-पिता की स्मृति में आयोजित यह आयोजन सराहनीय है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए माता-पिता के साथ बिताया समय यादगार होता है। प्रत्येक व्यक्ति का जन्म लेना और मृत्यु को प्राप्त होना तय है। लेकिन जन्म और मृत्यु के मध्य यात्रा कितनी सार्थक रही यह महत्वपूर्ण है। स्वर्गीय कैलाश सारंग जी ने भी जीवन में सेवा कार्यों को अपनाया। हमारी भारतीय संस्कृति में सेवा का विशेष महत्व है और यह सनातन संस्कृति की पहचान भी है। कर्मों के आधार पर जीवन बनता है। मध्यप्रदेश सरकार ने राजा भभूत सिंह के संघर्ष को सम्मान देने के लिए पचमढ़ी में कैबिनेट की बैठक का आयोजन किया है। नई पीढ़ी को ऐसे गौरवशाली व्यक्तित्व के बारे में जानकारी देना आवश्यक है, ताकि युवा पीढ़ी विरासत पर गर्व करे और लोगों के जीवन को बदलने के अभियान में सहभागी बने। भारत में कुटुंब परंपरा है और श्री विश्वास सारंग ने बुजुर्गों की सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल की है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मातृ-पितृ भक्ति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग मातृ-पितृ भक्ति दिवस का आयोजन कर सेवा के भाव को सार्थक कर रहे हैं। मैं मध्यप्रदेश भाजपा की ओर से स्व. कैलाश नारायण सारंग को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और यह विश्वास दिलाता हूं कि स्व. कैलाश नारायण द्वारा पार्टी संगठन, कार्यकर्ताओं और समाज की सेवा के लिए किए गए कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ता भी उनसे प्रेरणा लेकर संगठन और सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। मध्यप्रदेश में पार्टी संगठन को गढ़ने और उसे विशाल वट वृक्ष बनाने में स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की अहम भूमिका है। हम सब पार्टी कार्यकर्ता उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्व. कैलाश जी के बेटे व प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग माता-पिता की स्मृति में बुजुर्गों की सेवा का अभियान चलाकर समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे है। माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा ही सच्चे अर्थों में भगवत् सेवा है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्व. कैलाश नारायण मंत्री विश्वास सारंग के पिता ही नहीं थे, हम जैसे हजारों कार्यकर्ताओं के पालक, मार्गदर्शक रहे हैं। मैं तो उन्हें चाचाजी जी कहता था। स्वर्गीय सारंग ने पार्टी संगठन को गढ़ने में बड़ी तपस्या की है। स्व. कैलाश नारायण स्वयं नर्मदा के किनारे बरेली में वर्षों तक वृद्धाश्रम का संचालन कर बुजुर्गों की सेवा करते रहे हैं। आज उनके बेटे विश्वास सारंग ने माता-पिता की स्मृति में बुजुर्गों की सेवा का जो महाअभियान हाथ में लिया है उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। लेकिन मैं सबसे अपील करता हूं कि मृत्यु के बाद नहीं, जिंदा रहते हुए भी हम सभी को अपने-अपने माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए। स्वर्गीय कैलाश सारंग जी द्वारा बुजुर्गों के सेवा के कार्य को हम सभी को आगे बढ़ाना है। जनसंघ फिर भाजपा के स्थापना से लेकर पार्टी के इतने विशाल स्तर तक पहुंचाने में स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग जी का अतुलनीय योगदान है। उनके त्याग व तपस्या से ही पार्टी संगठन आज इतना विशाल बन सका है। उनके साथ हमारी हजारों स्मृतियां जुड़ी हैं। मातृ-पितृ भक्ति का कार्यक्रम अपने आप में एक अनुपम और अनोखा अनूठा अद्भुत उदाहरण है। इस दौरान भाजपा केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. सत्यनारायण जटिया, गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास, करूणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर सुदेश शांडिल्य महाराज, सांसद आलोक शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, निगमाध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

---

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक प्रशिक्षण बैठक आज


भोपाल (काप्र)।

भारतीय जनता पार्टी संगठन के जून माह के विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर प्रशिक्षण बैठक का आयोजन मंगलवार को प्रातः 10 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद संबोधित करेंगे। बैठक में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों के जिला संयोजक शामिल होंगे।

---

## वर्षा पूर्व बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियां सुनिश्चित करें : कौशलेंद्र

**भोपाल( काप्र )। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सोमवार को जिला स्तरीय टीएल बैठक का आयोजन एडीएम अंकुर मेश्राम एवं प्रकाश नायक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में सभी एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।**



बैठक में हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस सप्ताह सभी एसडीएम एवं विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से लंबित शिकायतों की निगरानी करें और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। बिना कारण किसी भी शिकायत को फोर्स क्लोज न किया जाए और जिन शिकायतों का निपटारा असंतोषजनक रहा है, उन्हें पुनः निराकृत किया जाए। वर्षा पूर्व बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों की चर्चा करते हुए एडीएम श्री मेश्राम ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम और नगर निगम क्षेत्र में बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर राहत प्रबंधन की समुचित कार्ययोजना तैयार करें। प्राकृतिक जलाशयों, जल निकासी मार्गों, नदी-नालों से अतिक्रमण हटाने, तालाबों एवं बांधों के निरीक्षण और जर्जर भवनों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आपातकालीन सेवाओं जैसे सड़क, संचार और पुलों के रखरखाव, राहत शिविर स्थलों का चिन्हांकन, वार्ड-वार आपदा प्रबंधन समितियों का गठन व सूचना संप्रेषण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश जारी किए गए।

---

## फीमेल क्लाइंट को अब महिला ट्रेनर ही देंगे प्रशिक्षणः सूर्यवंशी

**भोपाल।** राजधानीमें जिम ट्रेनर जिहाद के बाद बड़ा फैसला सामने आया है। जिम में लव जिहाद को रोकने अब महिलाओं के लिए महिला प्रशिक्षक रखा जाएगा। कहने का मतलब फीमेल क्लाइंट को फीमेल ट्रेनर ही प्रशिक्षण दे ऐसा नियम बनाया जाएगा। अब जिम सेंटरों को लव जिहाद का गढ़ बनने नहीं दिया जाएगा। दरअसल जिम सेंटर में ट्रेनर के द्वारा लव जिहाद का खुलासा होने के बाद भोपाल नगर निगम और जिला प्रशासन मिलकर नियम बनाएगा। मामले को लेकर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी का बड़ा बयान सामने आया है। निगम अध्यक्ष ने कहा कि- फीमेल क्लाइंट को फीमेल ट्रेनर ही प्रशिक्षण दे, यह नियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि- लव जिहाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फीमेल ट्रेनर द्वारा ही महिलाओं को ट्रेंड किया जाए।

---

## एम्स के डॉक्टर सद्गुरु कॉन्क्लेव में हुए सम्मानित



भोपाल (काप्र)।

**एम्स में सद्गुरु ग्रुप एवं ऑल इंडिया ऑफ्थैल्मोलॉजिकल सोसायटी द्वारा भगवान श्रीराम की पावन भूमि चित्रकूट में आयोजित एक्यूटी-ए कॉन्फ्लूएंस ऑफ आइडियाज, सद्गुरु कॉन्क्लेव में एम्स के फैकल्टी एवं रेजिडेंट डॉक्टरों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।**

इस कार्यक्रम में द्वितीय वर्ष के अकादमिक जूनियर रेजिडेंट्स डॉ. प्रत्युष एवं डॉ. एस्थर ने पेपर/पोस्टर प्रतियोगिता सत्र में रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। उनके शोध विषय प्रीसेनाइल मोतियाबिंद की व्यापकता, प्रकार एवं कारण बनने वाले जोखिम कारक और द टेल ऑफ डिसप्लेस्ड आईबॉल ने चिकित्सा शोध के क्षेत्र में उनकी गंभीरता एवं गहन अध्ययन क्षमता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया। उन्हें यह सम्मान दो पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों एवं अन्य प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के कर-कमलों से प्रदान किया गया, जो उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक क्षण रहा। एम्स की नेत्र रोग विभागाध्यक्ष प्रो. भावना शर्मा को कॉर्निया एवं मोतियाबिंद के क्षेत्र में उनके वर्षों के विशिष्ट कार्य के लिए, सद्गुरु सेवा मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सद्गुरु ग्रुप द्वारा प्रदान किया गया, जो स्वयं में एक गौरवपूर्ण मान्यता है तथा चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करता है।

---

## मध्य प्रदेश में 10 या 12 जून तक मानसून दे सकता है दस्तक

**भोपाल।** मानसून सीजन की शुरुआत के साथ ही नौतपा सोमवार खत्म हो गया। भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस बार नौतपा में लोगों को भीषण गर्मी से राहत रही। वेदर सिस्टम सक्रिय होने से नौतपा के दौरान हवा-आंधी और बारिश का दौर चला। बादलों की आवाजाही के चलते लोगों को झुलसा देने वाली धूप का सामना नहीं करना पड़ा। हालांकि इस दौरान वातावरण में उमस बढ़ी और उमसभरी गर्मी से लोग परेशान रहे। सोमवार को नौतपा के आखिरी दिन सुबह से बादलों की आवाजाही जारी रही। धूप-छांव का सिलसिला चलता रहा। हवाओं में ठंडक रही।

मौसम विभाग के अनुसार, अभी तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जिसका असर भोपाल समेत प्रदेश में देखने को मिल रहा है। हल्की बारिश और आंधी का दौर रहेगा। हालांकि दिन और रात के पारे में थोड़ी बढ़ोतरी होगी। लेकिन हीट वेव चलने की संभावना नहीं है। इस बार मानसून के लिए कुछ दिन इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि मानसून के रफ्तार धीमी पड़ी है। 10 या 12 जून तक भोपाल में मानसून के आने की संभावना जताई जा रही है। मानसून आने से पहले प्री-मानसून की एक्टिविटी जारी रहेगी। जून माह के पहले सप्ताह में मौसम शुष्क रह सकता है। इस कारण अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास तक पहुंच सकता है। दो से तीन दिन देर शाम 4 से 8 बजे के बीच धूल भरी आंधी और बीच-बीच में बादल छा सकते हैं। जून माह की शुरुआत में ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय है। इस कारण से अगले चार दिन आंधी-बारिश का अलर्ट है। कई शहरों में दिन और रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है।

---

## कर्मचारी पर आश्रित माता-पिता के साथ हो रहे भेदभाव बंद होंः सोनी

**भोपाल। यूनियन ऐबु संबद्ध निफ्टू का एक प्रतिनिधिमंडल बीएचईएल के मानव संसाधन प्रमुख संतोष कुमार गुप्ता एवं अपर महाप्रबंधक आरिफ सिद्दीकी से मिला एवं ज्ञापन सौंपा।**



जिसमें कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से रखा यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी ने बताया कि हमारे द्वारा प्रबंधन के सामने अतिज्वलंत मुद्दों को रखा है जिसका निराकरण होना अत्यंत आवश्यक है इन मुद्दों में मुख्य रूप से कारपोरेट प्रबंधन द्वारा वर्तमान में बीएचईएल प्रबंधन द्वारा सेवारत कर्मचारी के पत्नी और बच्चों को प्रबंधन आश्रित मानकर कर्मचारी के समान चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है जबकि कर्मचारी के माता पिता जो उन पर पूर्ण आश्रित होते है और उम्र के इस पड़ाव में उन्हें ही ज्यादा चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता होती है बीएचईएल प्रबंधन द्वारा आश्रितों में भेदभाव कर माता पिता को जनरल वार्ड का एंटाइटलमेंट दिया जाता है जो की सरासर गलत है। ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉईज यूनियन प्रबंधन से मांग करती है कि शीघ्र इसमे सुधार कर सभी आश्रितों को कर्मचारी के समान सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ एंबुलेंस का दायरा बढ़ाकर 15 किमी करने की मांग रखी। वर्तमान मे बीएचईएल भोपाल प्रबंधन द्वारा रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कस्तूरबा अस्पताल मे रक्तदान के दिन अवकाश की पूर्व व्यवस्था अनुसार दूसरे दिन अवकाश की पात्रता देते हुए कस्तूरबा अस्पताल के साथ अन्य अस्पताल मे भी रक्तदान करने पर कर्मचारी को अवकाश का लाभ दिए जाने की मांग ज्ञापन में प्रमुखता से रखी। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लॉइज यूनियन संबद्ध निफ्टू की ओर से कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष सोनी,कोषाध्यक्ष विशाल वाणी, संगठन सचिव राजमल बैरागी, कार्यालय मंत्री योगेश देवस्कर एवं चिकित्सा सलाहकार समिति सदस्य रमेश कुराड़िया उपस्थित थे।

---

## पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में कमजोर वर्ग के लिए आवास तय समय में पूरे होंः भोंडवे

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने सोमवार को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिये बनाये जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों की जानकारी ली। आयुक्त ने बैठक में क्षेत्र में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा भी की। आयुक्त ने कहा कि संजय जलाशय विकास कार्य के लिये अनुभवी योजनाकार से विस्तृत कार्य योजना बनवायी जाये। योजना में सिटी और बैम्बो फॉरेस्ट, हेलीपेड, योगा पार्क के साथ सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं के स्कल्पचर, ओपन जिम और रेस्टोरेंट के कार्य शामिल हैं। इस कार्य पर 20 से 25 करोड़ रुपये की राशि व्यय होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी सिंहस्थ के आयोजन को देखते हुए मार्च-2026 तक पूरे किए जाएं। आयुक्त श्री भोंडवे ने सागौर में राजस्व अधिकारियों के साथ समन्वय कर अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये। उन्होंने जरूरतमंदों के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना के शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को जानकारी देने की बात कही। आयुक्त श्री भोंडवे ने औद्योगिक क्षेत्र में आगामी वर्षाकाल में व्यापक पौध-रोपण की योजना बनाने के निर्देश नगरीय निकाय के अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी 3 से 4 फीट हाइट के पौधे लगाये। उन्होंने कहा कि पीथमपुर नगरीय क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिये 3 एम्बुलेंस, 3 फायर ब्रिगेड, 5 फायर टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण पीथमपुर नगरीय क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत ग्रीन स्पेस विकसित किया जाये। बैठक में राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। सीएमओ पीथमपुर ने 63 करोड़ 50 लाख रुपये की बैकलॉग की राशि जारी करने का आग्रह भी किया।

---

**स्पेशल खबर** 15वें वित्त आयोग एवं पीएम-अभिम अंतर्गत स्वास्थ्य विकास कार्यों की संभागवार वृहद समीक्षा...

## योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी बनने समन्वय और सक्रियता अनिवार्यः शुक्ल

भोपाल(काप्र)।

**उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग एवं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन ( पीएम-अभिम ) के अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की संभागवार वृहद समीक्षा की।**



बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति, बजट व्यय की स्थिति, गुणवत्ता, समय-सीमा, तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग के महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा कर उप मुख्यमंत्री ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य बने, इसके लिए सभी स्तरों पर समन्वय और सक्रियता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों की सघन मॉनिटरिंग कर निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। श्री शुक्ल ने कहा कि संभागीय स्तर पर कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। हर 15 दिवस में राज्य स्तर पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा होगी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, परियोजना संचालक नीरज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकी सहयोग और कार्यों की गहन निगरानी हेतु आवश्यक तकनीकी मैनपावर की समुचित व्यवस्था की जाए और इसके लिए एक प्रभावी निगरानी तंत्र तैयार किया जाए। किसी भी स्तर पर कार्यों में अवरोध हो तो उसकी जानकारी तत्काल उच्च स्तर पर दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदेशवासियों को सुलभ, सशक्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और इसके लिए, जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे, वे तत्परता से उठाए जाएंगे।

15वें वित्त आयोग में मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य ढाँचे के सुदृढ़ीकरण के लिए 4 हजार 600 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई, जिसमें से अब तक 2 हजार 540 करोड़ की राशि राज्य को प्राप्त हुई है और 1 हजार 487 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। भवनविहीन उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण हेतु 1 हजार 649.17 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसमें 543.06 करोड़ जारी किए गए और 298.97 करोड़ का व्यय हुआ। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स हेतु 94.41 करोड़ की स्वीकृति दी गई, 57.98 करोड़ जारी हुए और 44.47 करोड़ खर्च किए गए।

उप स्वास्थ्य केंद्रों में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना के लिए 544.87 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई, जिसमें 312.96 करोड़ जारी किए गए और 226.36 करोड़ का व्यय हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु 577.34 करोड़ स्वीकृत हुए, जिनमें से 331.56 करोड़ की राशि जारी की गई और 219.60 करोड़ व्यय हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में परिवर्तित करने हेतु 395.50 करोड़ की राशि स्वीकृत और पूर्णतः जारी की गई, जिसमें से 297.78 करोड़ का व्यय हुआ।

शहरी क्षेत्रों में डायग्नोस्टिक सुविधाओं के विकास हेतु 144.28 करोड़ स्वीकृत हुए, 54.34 करोड़ जारी हुए और 41.07 करोड़ व्यय किए गए। शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की स्थापना एवं संचालन हेतु 1 हजार 195.29 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई, जिसमें से 845.12 करोड़ जारी हुए, और 359.08 करोड़ व्यय किए गए। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्रदेश की 2 हजार 37 स्वास्थ्य इकाइयों के लिए कुल 1 हजार 512.64 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई, जिनमें से अब तक 347.99 करोड़ का व्यय हुआ है।